हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार 20 मार्च 2026



9 शोध और नवाचार समाज की प्रगति के मूल आधार




10 चैत्र नवरात्र शैलपुत्री का पूजन किया



## खबर संक्षेप

### ट्रक ने मोपेड को टक्कर मारी, युवक की मौत

**खरखौदा।** पिपली के पास सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान ईश्वर निवासी थाना खुर्द के रूप में हुई है। ईश्वर अपनी मोपेड (विक्की) पर सवार होकर आईएमटी खरखौदा में मजदूरी के लिए जा रहा था। जैसे ही वह पीपली गांव में केएमपी फ्लाईओवर के पास पहुंचा, तभी पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ईश्वर सड़क पर गिर गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### राम प्रकाश की आंखे सदा देखती रहेंगी

**सोनीपत।** सोनीपत के जनता कॉलोनी निवासी स्वर्गीय राम प्रकाश वधवा के निधन के बाद



उनके परिवार द्वारा नेत्रदान कर एक सराहनीय कार्य किया गया। अल्पायु में निधन से परिवार शोकाकुल था, लेकिन धर्मपत्नी राज रानी, पुत्री मीनाक्षी, दामाद संदीप कुकरेजा तथा पुत्र कमल वधवा और रमेश कुमार चुघ ने साहस का परिचय देते हुए नेत्रदान के लिए सहमति दी।श्राफ नेत्र अस्पताल के तकनीकी विशेषज्ञ नरेंद्र लोहमोर और उनकी टीम ने रात के समय सफलतापूर्वक नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी की। इस पुनीत कार्य से दो नेत्रहीनों को दृष्टि मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

### जुआ खेलने का एक और आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** सदर थाना पुलिस ने जुआ खेलने के मामले में संलिप्त चौथे आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान विकास निवासी गांव हरसाना कलां के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 16 मार्च 2026 को उप निरीक्षक सौरव अपनी टीम के साथ गश्त पर थे, तभी सूचना मिली कि हरसाना कलां में एक मकान में जुआ खेला जा रहा है। मौके पर छापेमारी के दौरान लोकेश निवासी ककरोई, अनिल और आकाश निवासी कालुपुर को जुआ खेलते पकड़ा गया। तलाशी में उनके पास से कुल 4000 रुपये और 104 ताश पत्ते बरामद किए गए। इस मामले में पहले तीनों आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका था। अब चौथे आरोपित विकास को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया।



# डर का सबब बने कैमरे

**पहले रेलवे स्टेशन :** खंभे पर कैमरा मिला था, इसके 4 दिन बाद बुधवार को पाक के लिए जासूसी रैकेट का खुलासा हुआ था

**अब बस अड्डा :** परिसर और गेट पर दो संदिग्ध कैमरों से हड़कंप मचा, जांच में निजी सर्वे कंपनी के निकले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शहर के लोगों के लिए कैमरे डर का सबब बन गए है। सोनीपत स्टेशन के पास लगे संदिग्ध सीसीटीवी को उतारे 24 घंटे भी नहीं बीते थे कि वीरवार दोपहर शहर के बस अड्डा परिसर व गेट के बाहर लगे दो संदिग्ध सीसीटीवी को लेकर हड़कंप मच गया। इन सीसीटीवी को भी सुरक्षा में सेंध के मामले से जोड़कर देखा गया। अधिकारियों व कर्मचारियों के निरीक्षण के दौरान ही दोनों सीसीटीवी लगे होने का मामला उजागर हुआ। रोडवेज विभाग भी मामले से अनजान था। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। हालांकि जब तक जांच नहीं हुई, तब तक मामला संदिग्ध माना गया। जांच के बाद दोनों सीसीटीवी किसी निजी सर्वे कंपनी की ओर से लगाए जाने का खुलासा हुआ। उधर कंपनी का दावा है कि उन्होंने अनुमति लेने के बाद ही सीसीटीवी को लगवाया है। बस अड्डा परिसर में सुरक्षा के दृष्टिगत वीरवार को रोडवेज जिला महाप्रबंधक संजय कुमार अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ निरीक्षण कर रहे थे। निरीक्षण के दौरान उन्हें बस अड्डा व बाहर दो संदिग्ध सीसीटीवी लगे नजर आए।

- रोडवेज महाप्रबंधक व अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी लगे होने का मामला हुआ उजागर
- जांच के दौरान सर्वे कंपनी प्रतिनिधि ने पेश होकर उठाया सीसीटीवी के राज से पर्दा, एसएमडीए से अनुमति लेने का दावा



सोनीपत । बस अड्डा कैमरे की जांच करते पुलिस व रोडवेज अधिकारी।



सोनीपत। सीसीटीवी की जांच करते अधिकारी।

### एक कैमरा पेड़ तो दूसरा खंभे पर लगा मिला

इनमें एक सीसीटीवी बस अड्डा परिसर में पेड़ पर तो दूसरा पिछले गेट के पास बाहर खंभे पर नजर आया। सीसीटीवी दिखते ही अधिकारियों का ध्यान अचानक रेलवे स्टेशन के पास मिले सीसीटीवी की तरफ गया। मामले को गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों ने तुरंत पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलते ही एसीपी अमित धनखड़ पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उधर बस अड्डा में सीसीटीवी मिलने का मामला उजागर होने के साथ खुफिया विभाग की टीम भी सक्रिय हो गई। मामला तेजी से उजागर होने के बाद शहरभर में दोबारा सीसीटीवी की चर्चाएं होने लगी। पुलिस व अधिकारियों की जांच व पूछताछ में प्रारंभिक तौर पर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी। बाद में एक निजी कंपनी का प्रतिनिधि सामने आकर सीसीटीवी मामले में पर्दा उठाया। उसने बताया कि यह सीसीटीवी यात्रियों की संख्या व आवाजाही का आकलन करने के लिए लगाए गए हैं। उनकी कंपनी मेट्रो प्रोजेक्ट को लेकर सर्वे करती है। कंपनी का दावा है कि इस कार्य के लिए सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण (एसएमडीए) से अनुमति प्राप्त की गई है। स्थिति स्पष्ट होने के बाद मामला शांत हुआ, अधिकारियों व पुलिस ने राहत की सांस ली।

### विभाग ने कैमरे लगाने की अनुमति नहीं दी

रोडवेज महाप्रबंधक संजय ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों में रोजाना सुरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण किया जा रहा है। इसी दौरान सीसीटीवी लगे होने का मामला सामने आया। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभाग की ओर से किसी भी निजी एजेंसी को इस प्रकार के उपकरण लगाने की अनुमति नहीं दी गई है।

### पुलिस ने जांच शुरू की

बस अड्डा परिसर व बाहर लगे मिले सीसीटीवी को लेकर जांच की गई है। जांच में सामने आया कि सीसीटीवी को निजी एजेंसी ने सर्वे के लिए लगाया है। इसके लिए एसएमडीए से अनुमति भी ली गई है। फिर भी पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। **-अमित धनखड़**, एसीपी, सोनीपत

## रेलवे स्टेशन की सुरक्षा में सेंध मामला

# पुलिस को बरगला रहा प्रवीण पहले 22, फिर 26 फरवरी को कैमरा लगाने की बात कबूली

**सोनीपत।** शहर के रेलवे स्टेशन से महज 500 मीटर दूरी पर एक ओएचई पोल 47/27 पर लगे सोलर प्लेट युक्त संदिग्ध सीसीटीवी के राज से बुधवार को पर्दा उठने के बाद नया खुलासा सामने आया है। सोनीपत स्टेशन के पास सीसीटीवी लगाने वाले आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के कौशांबी के गांव भौवापुर निवासी प्रवीण कुमार के रूप में हुई है। हालांकि यह आरोपी गाजियाबाद में राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के मामले में भी संलिप्त है। सूत्रों की मानें तो जब बुधवार को कौशांबी पुलिस आरोपी को जांच के लिए सोनीपत लेकर पहुंची, तो उसने कभी 22 तो कभी 26 फरवरी को यहां सीसीटीवी लगाने की बात कबूली। आरोपी पूछताछ में बार-बार अपनी बात से बरगलाता रहा। ऐसे में सोनीपत स्टेशन के पास लगे सीसीटीवी में करीब 18 दिन से हर गतिविधि कैद हो रही थी, जबकि आरपीएफ व जीआरपी थाना पुलिस सीसीटीवी लगे होने की बात से अनजान थे। आखिरकार सोनीपत में लगे संदिग्ध सीसीटीवी का मामला भी उत्तर प्रदेश गाजियाबाद के मामले से जुड़ा मिला। जब कौशांबी पुलिस आरोपी को जांच के लिए सोनीपत लाई, तो दिल्ली मुख्यालय से रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।





### कैमरे की लैब में चल रही जांच

मामले की जांच गाजियाबाद पुलिस के अलावा आईबी, एनआईए व सीआईडी सुरक्षा एजेंसियों भी हर पहलू से अपने तरीकों से कर रही हैं। बताया जा रहा है कि सीसीटीवी की लैब से जांच करवाई जाएगी। हालांकि स्थानीय आरपीएफ व जीआरपी थाना पुलिस मामले में कुछ भी बोलने को राजी नहीं है। उधर आरोपी सीसीटीवी से हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए थे। बता दें कि गाजियाबाद में पकड़े गए छह आरोपी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर देश के बड़े रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, मेट्रो स्टेशन, भारत के सैन्य ठिकाने आदि स्थानों पर सोलर प्लेट युक्त सीसीटीवी लगाने की फिराक में थे। आरोप है कि आरोपी रेलवे स्टेशन, सार्वजनिक स्थानों व सुरक्षा बल के लोकेशन के वीडियो बनाकर विदेशों में भेज रहे थे, जहां से उन्हें बदलें में ऑनलाइन खातों में मोटी रकम भेजी जाती थी।

# आईओसीएल की पाइपलाइन में सेंध कच्चे तेल से भरे मिले 30 ड्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

थाना सदर गोहाना क्षेत्र के गांव जौली में इंडियन आयल कार्पोरेशन लिमिटेड की भूमिगत पेट्रोलियम पाइपलाइन में सेंध लगाकर तेल चोरी का मामला सामने आया है। कंट्रोल रूम में अलार्म आने पर टीम को मौके पर भेजा गया। कंपनी के अधिकारियों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंडियन आयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के उप महाप्रबंधक (मेनलाइन) संजय कुमार ने पुलिस को बताया कि 17 मार्च की रात करीब 9:47 बजे कंट्रोल रूम में पाइपलाइन क्षेत्र में खुदाई का अलार्म मिला। सूचना मिलते ही क्विक रिस्पांस टीम मौके के लिए रवाना की गई। रात करीब 10 बजे टीम जब बताए गए स्थान पर पहुंची तो वहां पाइपलाइन के पास कच्चे रास्ते पर करीब 30 ड्रम कच्चे तेल से भरे हुए मिले। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। अगले दिन सुबह पुलिस और कंपनी के कर्मचारियों ने मौके का निरीक्षण किया तो तेल चोरी का पता चला। मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है।



एआई जनरेटेड फोटो

### वाल्व लगाकर तेल चोरी

पाइपलाइन में अवैध रूप से वाल्व लगाकर तेल चोरी की गई थी। कंपनी अधिकारियों के अनुसार पाइपलाइन में अत्यधिक ज्वलनशील कच्चा तेल उच्च दबाव में बहता है। ऐसे में इस तरह की छेड़छाड़ से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता था, जिससे जानमाल और पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच सकता था। पुलिस ने इस मामले में पेट्रोलियम एवं मिनरल पाइपलाइन एक्ट, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम, आवश्यक वस्तु अधिनियम व भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया।

# गोली मारने की धमकी देने वाले सरपंच पर केस दर्ज

**सोनीपत।** बिजली निगम के कनिष्ठ अभियंता ने गांव तिहाड़ कलां के सरपंच पर धमकी देने व सरकारी काम में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाया है। सदर थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। बिजली निगम की तरफ से डिफाल्टरों पर शिकंजा कसने के लिए अभियान चलाया गया है। आरोप है कि इसी के तहत बिजली निगम की टीम ने मंगलवार को तिहाड़ कलां व तिहाड़ खुर्द में डिफाल्टरों के कनेक्शन काटे थे। उन कनेक्शनों में तिहाड़ कलां के सरपंच का कनेक्शन भी शामिल था। बिजली निगम के कनिष्ठ अभियंता सूरज ने सदर थाना में शिकायत दी है कि महलाना शिकायत केंद्र से जुड़े कर्मचारियों एरिया इंचार्ज वेदांत, लाइनमैन रमेश, सहायक लाइनमैन राजेंद्र और प्रवीण ने 17 मार्च को विभागीय कार्यालय में लिखित शिकायत दी थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि गांव तिहाड़ कलां के सरपंच पवन ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। जिस पर उन्होंने शिकायत सदर थाना में भिजवा दी। उनका कहना है कि कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और आगे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। जिस पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

- बिजली कनेक्शन काटने पर कर्मचारियों को धमकी देने का आरोप

### पुलिस ने मामले की जांच की शुरू

बिजली निगम के कनिष्ठ अभियंता की शिकायत पर सरपंच के खिलाफ धमकी देने व सरकारी काम में बाधा पहुंचाने की प्राथमिकी दर्ज की है। मामले में जांच कर ठोस कार्रवाई की जाएगी। **-इंस्पेक्टर अशोक कुमार**, थाना प्रभारी सदर सोनीपत

# फर्जी रजिस्ट्री घोटाले में एक और गिरफ्तार

**गन्नौर।** गन्नौर तहसील में करोड़ों रुपये के फर्जी रजिस्ट्री घोटाले में एसआईटी ने कार्रवाई तेज करते हुए एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गाजियाबाद निवासी विनय को काबू किया है, जिसकी इस पूरे फर्जीवाड़े में अहम भूमिका सामने आई है। जांच में खुलासा हुआ है कि विनय फर्जी रजिसट्रियों के लिए आधार कार्ड समेत अन्य जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराता था। इतना ही नहीं, वह खरीदार और विक्रेता दोनों के नाम पर फर्जी कागजात तैयार कराने और जुटाने में भी सक्रिय रूप से शामिल था। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है, जहां उससे गिरोह के नेटवर्क और अन्य साथियों के बारे में गहन पूछताछ की जाएगी। इस मामले में पुलिस पहले ही पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें से एक को रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई, जबकि अन्य को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। एसआईटी और पुलिस टीमें पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुटी हैं। रिमांड के दौरान कई बड़े खुलासे होने की संभावना है और आने वाले दिनों में इस मामले में और गिरफ्तारियां भी हो सकती हैं।

- पुलिस ने गाजियाबाद निवासी विनय को काबू किया

# रोटी और कपड़ा बैंक का दानपात्र तोड़कर चोरी की



**गोहाना।** सज्जन सेवा संघ और शहीद भगत सिंह बिग्रेड गोहाना द्वारा शहर में नए बस स्टैंड पर संचालित दैनिक लंगर रोटी बैंक और कपड़ा बैंक का दान पात्र तोडक़र दान राशि चुरा ली गई। संचालक राजेश लठवाल ने पुलिस थाना शहर में शिकायत दर्ज करवाई। जरूरमद लोगों के लिए उक्त दोनों संस्थाओं द्वारा मिलकर पिछले सात सालों से गोहाना के नए बस स्टैंड पर दैनिक लंगर, रोटी और कपड़ा बैंक चलाए जा रहे हैं। रोजाना की तरह रसोइया भगवान और लांगरी मांगेराम जब सुबह पहुंचे तो उन्हें दान पात्र टूटा हुआ मिला। संचालक राजेश लठवाल के अनुसार इससे पहले भी दान पात्र तोड़ने की कोशिश की गई थी।

## नगर निगम क्षेत्र में स्थायी व जवाबदेह सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी

# साफ सुथरा होगा म्हारा शहर, जीआईएस सर्वे का काम पूरा, 5 साल की कार्ययोजना होगी तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

नगर निगम की ओर से शहर की बिगड़ी सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाने के लिए जीआईएस आधारित सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया है। निगम ने सर्वे आधारित रिपोर्ट को पंचकूला स्थित मुख्यालय में भेज दिया है। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर आगामी 5 साल के लिए नई सफाई कार्य योजना तैयार कर शर्ते भी निर्धारित की जाएंगी, ताकि शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके।

अधिकारियों की मानें तो मुख्यालय स्तर पर रिपोर्ट का तकनीकी विश्लेषण किया जा रहा है। इसके बाद नई टेंडर शर्तें व कार्ययोजना लागू कर अमल में लाया जाएगा। जीआईएस आधारित सर्वे के अंतर्गत शहर की सड़कों से लेकर बाजार, होटल, स्कूल व अन्य सार्वजनिक स्थलों के साथ नालियों की पैमाइश व कचरा प्रबंधन व्यवस्था का विस्तृत डाटा तैयार किया गया।



सोनीपत। गीता भवन रोड पर सड़क किनारे जमा कचरा।

### सफाई एजेंसियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी

नगर निगम की ओर से जीआईएस सर्वे का कार्य पूर्ण करने के बाद तैयार रिपोर्ट मुख्यालय को भेज दी गई है। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर जल्द 5 साल की विस्तृत सफाई कार्य योजना तैयार की जाएगी। साथ ही नई टेंडर प्रक्रिया में कुछ शर्तों को निर्धारित कर उन्हें लागू किया जाएगा। इससे सफाई एजेंसियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के साथ नियमित सफाई व्यवस्था में सुधार लाया जा सकेगा। **-साहब सिंह**, मुख्य सफाई निरीक्षक, नगर निगम, सोनीपत

### इधर, डोर-टू-डोर कूड़ा उठान का काम चार दिन से प्रभावित, लोग परेशान

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते शहर में करीब 4 दिन से कूड़ा उठान का कार्य प्रभावित हो रहा है। डोर-टू-डोर कूड़ा उठान नहीं होने से शहरवासियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। शहर की सड़कों के अलावा कॉलोनियों व वार्डों की गलियों में कूड़े के ढेर नजर आने लगे हैं। ऐसे में शहरवासी परेशानी झेल रहे है। समस्या का समाधान करवाने के लिए शहरवासी नगर निगम अधिकारियों से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन लोगों की सुनवाई नहीं हो रही है। लोगों का कहना है कि कूड़ा उठान न होने से दिनचर्या प्रभावित हो रही है।

# पानी की जर्जर पाइपलाइन से निकली ज्वलनशील गैस, दहशत में लोग

## माचिस की तिली जलाने पर गैस ने तुरंत आग पकड़ ली

हरिभूमि न्यूज गन्नौर

शहर के अगवानपुर रोड पर राठी नर्सिंग होम के सामने जनस्वास्थ्य विभाग की वर्षों से बंद पड़ी पुरानी पानी की पाइपलाइन से ज्वलनशील गैस निकलने का मामला सामने आया है। घटना के बाद आसपास के लोगों में डर का माहौल बन गया।

### तेज दुर्गंध निकली

स्थानीय निवासियों के अनुसार पाइपलाइन से गैस जैसी तेज दुर्गंध आ रही थी। लोगों ने जब जांच के लिए माचिस की तीली लगाई तो गैस ने आग पकड़ ली, जिससे स्थिति की गंभीरता का अंदाजा लगा। यह घटना किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती थी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे विभागीय कर्मचारियों ने जांच की, जिसमें पाइपलाइन से निकलने वाली गैस ज्वलनशील पाई गई।



### जनस्वास्थ्य विभाग ने गुटका लगाकर बंद किया

फिलहाल जनस्वास्थ्य विभाग ने स्थाई तौर पर पाइपलाइन को गुटका लगाकर बंद कर दिया है, ताकि गैस का रिसाव रोका जा सके। स्थानीय लोगों ने विभाग से मांग की है कि इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, क्योंकि इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं विभाग के जेई बसंत कुमार ने बताया कि पाइपलाइन पुरानी है और बंद पड़ी है। इसमें गंदगी जमा होने से गैस बनी और जर्जर पाइपलाइन से बाहर निकली। अभी इसे अस्थाई तौर पर बंद कर दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

**विशेष: विश्व गौरैया दिवस, 20 मार्च**

# आओ बनें गौरैया के दोस्त

बच्चो, गौरैया एक छोटी-सी प्यारी चिड़िया है, जो कभी हर घर-आंगन में फुदकती देखी जाती थी। इसकी 'चीं..चीं' की आवाज बहुत भाती है। लेकिन कई कारणों से अब यह चिड़िया कम ही दिखती है। हम अपने छोटे-छोटे प्रयासों से नन्ही गौरैया को फिर से घर-आंगन की रौनक बना सकते हैं।

**पक्षी जगत**
**शिखर चंद जैन**


एआई इमेज

एक समय था, गौरैया 'चीं..चीं' करते हुए हर जगह दिखाई देती थी, लेकिन अब यह लुप्त सी हो गई है। आजकल बहुत कम नजर आती है। गौरैया बनी रहे, इनकी चहचहाट सुनाई देती रहे, इसके लिए लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए हर साल 20 मार्च को 'विश्व गौरैया दिवस' मनाया जाता है।

**ऐसे हुई विश्व गौरैया दिवस की शुरुआत:** वन्यजीवों के संरक्षण के लिए कार्य करने वाली भारतीय संस्था नेचर फॉरएवर सोसायटी के फाउंडर मोहम्मद दिलावर, गौरैया की घटती हुई संख्या से चिंतित हुए। वर्ष 2010 में उन्होंने फ्रांस की ईको-सिस एक्शन फाउंडेशन के साथ मिलकर 20 मार्च को विश्व गौरेया दिवस मनाने की शुरुआत की। शहरीकरण, मोबाइल रेडिएशन और कीटनाशकों के अधिक इस्तेमाल के कारण घटती गौरैया की आबादी के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना और गौरैया के संरक्षण को बढ़ावा देना ही इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य है।

**हमारी फ्रेंड जैसी गौरैया:** पुराने समय में गौरैया घर के सदस्य जैसी हुआ करती थी। वह दादी की रसोई से दाना चुगती थी, आंगन में दादाजी के पास आकर बैठ जाती थी, छत पर अनाज सूखते तो गौरैया झुंड बनाकर आतीं, इधर-उधर फुदक-फुदक कर दाने चुगती रहतीं। बच्चो, सोचो जरा, गौरैया की ये हरकतें कितनी मनभावन होती होंगी! लेकिन आज हमारे घरों में पहले की तरह गौरैया नहीं आतीं, लुभावने दृश्य देखने को नहीं मिलते हैं।

**क्यों दूर हो गई गौरैया:** बच्चो, हमारी प्यारी नन्ही दोस्त गौरैया की घटती संख्या और हमसे दूर होने के कई कारण हैं- जैसे-जैसे पेड़-पौधे कटने लगे, शहरीकरण होता गया, लोगों के रहन-सहन बदलने लगे, वैसे-वैसे हमारी ये नन्ही फ्रेंड हमसे दूर होती चली गई। अब घरों में झरोखे और रोशनदान नहीं होते, जहां गौरैया अपना घोंसला बना सके। अब ये बेचारी घरों में घुस तक नहीं सकती। एसी मशीनों की गर्म हवा और प्रदूषण ने इस नन्ही-सी जान का जीना मुश्किल कर दिया है।

हम अपने गार्डन, बालकनी में विदेशी शो पीस जैसे प्लांट लगाते हैं, जिनमें छोटे कीड़े नहीं होते। जबकि गौरैया के बच्चे हमारे देसी पेड़-पौधों पर पाए जाने वाले नन्हे कीड़ों को खाते है, जिससे उसे पोषण मिलता है। अब घरों में खेत से आने वाले गेहूं, चावल या अन्य अनाजों की जगह बंद पैकेट्स में रेडिमेड अनाज आते हैं, जिससे गौरैया को दाना मिलना बंद हो गया। इन सबके अलावा मोबाइल टावर्स से निकलने वाले रेडिएशन से भी गौरैया के जीवन को खतरा होता है।

**कैसे हो गौरैया की घर वापसी:** बच्चो, हम कुछ छोटे-छोटे प्रयासों से गौरैया को फिर से अपने घरों में बुला सकते हैं। आओ बच्चो, हम आज विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर गौरैया के सच्चे दोस्त बनें और उसे वापस बुलाने के लिए कुछ छोटे-छोटे मगर प्रभावी कदम उठाएं।

**खोलो देसी चिड़िया ढाबा:** अपनी बालकनी या छत पर मिट्टी के एक बर्तन में साफ पानी और दूसरे बर्तन में बाजरा, कंगनी या टूटे हुए चावल रखो।

**बनाओ उसका अपार्टमेंट:** चिड़िया को छांव और आश्रय देना भी जरूरी है। आजकल बाजार में तरह-तरह के बर्ड हाउस, नेस्ट, बर्ड फीडर आदि मिलते हैं। तुम चाहो तो जूते के पुराने डिब्बे में एक छोटा छेद करके उसे किसी सुरक्षित और ऊंची जगह पर लटका सकते हो, गौरैया इसमें रह सकेगी। इस डिब्बे को तुम कलर पेपर से सजाकर और भी अट्रैक्टिव बना सकते हो।

**गौरैया के लिए हरियाली:** घर की खिड़की, बालकनी या छत पर गेंदा, चमेली या नीबू जैसे देसी पौधे लगाने चाहिए। इन पर आने वाले छोटे कीट गौरैया के बच्चों का पसंदीदा भोजन होते हैं।

**कीटनाशकों को 'नो' कहें:** अपने पौधों पर जहरीले कीटनाशक का छिड़काव नहीं करना चाहिए। इससे गौरैया बीमार पड़ सकती है।

बच्चो, तुम्हारे इन छोटे-छोटे प्रयासों का बहुत ही सकारात्मक असर होगा। सोचो, कितना अच्छा लगेगा जब सुबह तुम्हारी नींद अलार्म से नहीं, बल्कि गौरैया की 'चीं-चीं' से खुलेगी! गौरैया को बचाने का मतलब सिर्फ एक पक्षी को बचाना नहीं है, बल्कि अपनी प्रकृति और खुशियों को भी बचाना है। *

### प्यारी और अनूठी गौरैया

**बच्चो, गौरैया** से जुड़े कुछ और भी रोचक तथ्य हैं, जो तुम्हें जरूर जानने चाहिए, जैसे-



**नहाने की शौकीन:** गौरैया को नहाना बहुत पसंद है। यह पानी में भी नहाती है और धूल में भी। यह जब धूल में मस्ती करती है तो इसे धूल-स्नान या डस्ट-बाथ कहते हैं।
**ईको-फ्रेंडली:** यह छोटे-छोटे कीड़ों को खाकर हमारे पेड़-पौधों को बीमारियों से बचाती है।

**कविता / राम नरेश 'उज्ज्वल'**

## मेरे घर आती गौरैया

मेरे घर आती गौरैया
घर भर को भाती गौरैया।
तिनका-तिनका जोड़-जोड़ कर,
कागज-पत्तर तोड़-मोड़ कर,
बना लिया उसने अपना घर,
कितना प्यारा, कितना सुंदर,
आंगन में मां दाने रखती,
बीन-बीन खाती गौरैया।
मेरे घर आती गौरैया।।
जंगल झाड़ी में भी जाती,
ढूंढ़-ढूंढ़ कर दाने लाती,
भूखे बच्चे मुंह फैलाते,
अपनी मां से भोजन पाते,
अपने नन्हे बच्चे को भी,
कभी-कभी लाती गौरैया।
मेरे घर आती गौरैया।।
झुंड बनाकर उड़ती ऊंचे,
टहल घूम कर आती नीचे,
पानी पीती घर के नल से,
पता नहीं क्या कहती जल से,



चीं-चीं चूं-चूं दिन भर करती,
सबको बहलाती गौरैया।
मेरे घर आती गौरैया।।

**विशेष: विश्व जल दिवस (22 मार्च)**

बच्चो, तुम्हें जानकर अचरज होगा कि पृथ्वी पर उपलब्ध कुल जल का 2.5-3% हिस्सा ही ताजा जल है। विश्व मे एक देश ऐसा है, जहां ताजे पानी की सर्वाधिक उपलब्धता है। कौन-सा है वह देश और किन कारणों से वहां उपलब्ध है सर्वाधिक ताजा जल, जानो।

# इस देश में उपलब्ध है सर्वाधिक साफ-ताजा जल

**यह भी जानो**
**नयनतारा**


ताजे पानी की सबसे बड़ी झील-सुपीरियर लेक

बच्चो, जल के बिना किसी का भी जीवन संभव नहीं है। लेकिन हमारे लिए उपयोगी ताजा जल पृथ्वी पर बहुत सीमित मात्रा में ही उपलब्ध है। हमारी पृथ्वी पर उपलब्ध कुल जल राशि का बहुत थोड़ा सा हिस्सा ही ताजा जल है। यह ताजा जल नदियों, झीलों, ग्लेशियरों और जमीन के अंदर से मिलता है। सभी देशों के पास ताजे जल के सीमित स्रोत हैं। इसीलिए ताजे जल को बर्बाद करने से हम सभी को बचना चाहिए।


ह्यूरॉन लेक भी है कनाडा में ताजा पानी का स्रोत

**कम हो रहा ताजा पानी:** हालांकि पृथ्वी का तीन-चौथाई हिस्सा जल है, लेकिन इसका बहुत कम हिस्सा ही इस्तेमाल करने योग्य यानी ताजा पानी है। चिंताजनक बात यह है कि ताजे पानी की उपलब्धता दिनों-दिन कम होती जा रही है। इसकी कई वजहें हैं, जैसे- झीलों, नदियों से लेकर समुद्रों तक को प्रदूषित किया जा रहा है। लोग पानी को बहुत बर्बाद भी करते हैं।

**यहां है सर्वाधिक ताजा जल:** संयुक्त राष्ट्र एवं वर्ल्ड बैंक के डाटा के अनुसार संसार में जो कुल ताजा पानी है, उसका पांचवां हिस्सा यानी 20 प्रतिशत अकेले कनाडा देश में उपलब्ध है। अब तुम सोच रहे होगे कि अकेले कनाडा में इतना अधिक स्वच्छ जल कैसे उपलब्ध है? इसकी प्रमुख वजह है वहां बड़ी संख्या में मौजूद झीलें।

**मौजूद हैं कई बड़ी झीलें:** कनाडा ताजा जल की दृष्टि से बहुत ही समृद्ध देश है। यहां 2 मिलियन से भी अधिक झीलें मौजूद हैं, जिनमें से अधिकतर हजारों साल पहले ग्लेशियरों के सिकुड़ने की वजह से बनी हैं। दुनिया की सबसे बड़ी ताजे पानी की झील सुपीरियर झील, कनाडा में ही स्थित है। विनिपेग झील भी कनाडा में स्वच्छ, ताजे पानी का एक बड़ा स्रोत है। इनके अलावा यहां ग्रेट बीयर लेक, ग्रेट स्लैव लेक, अथाबास्का लेक, ह्यूरॉन लेक जैसी कई लेक्स हैं, जो कनाडा को साफ-स्वच्छ ताजा जल की उपलब्धता की दृष्टि से समृद्ध बनाती हैं।

**भारत का स्थान:** दुनिया के अन्य देशों में ताजे पानी की उपलब्धता तो है, लेकिन यह कनाडा की तुलना में बहुत ही कम है। ताजे पानी की उपलब्धता के मामले में कनाडा के बाद ब्राजील, रूस, अमेरिका और चीन के बाद भारत का स्थान आता है। यानी अपने देश में भी ताजे जल के सीमित स्रोत हैं। इसलिए बच्चो, तुम स्वयं पानी की बर्बादी कभी मत करना और दूसरों को भी पानी बर्बाद न करने के लिए प्रेरित करो। *

**तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण**

## अच्छी-प्यारी कहानियां

बच्चो, अभी कुछ ही समय पहले डॉ. नागेश पांडेय 'संजय' की बाल कहानियों की किताब 'चंद्रलोक की थुलथुल परी' छपकर आई है। इसमें कुल बारह कहानियां संकलित हैं। इन कहानियों में तुमको कहीं जानकारी मिलेगी तो कहीं सीख मिलेगी। लेकिन इनको ऐसे रोचक अंदाज में लिखा गया है कि पढ़ने में तुमको खूब मजा आएगा। पहली कहानी 'चंद्रलोक की थुलथुल परी' में तुमको यह पता चलेगा कि विभिन्न ग्रहों पर अलग-अलग गुरुत्वाकर्षण के कारण कैसे भार में अंतर महसूस होता है? जलवायु परिवर्तन कैसे मौसम के चक्र को बिगाड़ रहा है, इस विषय पर 'बिन मौसम' कहानी सचेत करती है। 'दाने दाने पर लिखा होता है खाने वाले का नाम' इस मुहावरे पर आधारित मजेदार कहानी है 'नाम नहीं'। इनके अलावा किताब में स्वतंत्रता दिवस, होली, दीपावली, नए साल और ईद जैसे त्योहारों पर केंद्रित कहानियां भी प्रेरित करने वाली हैं। अन्य कहानियां 'एकता में बल है', 'गर्मी की छुट्टियां', 'सारे जग से न्यारी मम्मी' भी बहुत अच्छी-प्यारी हैं। *



**किताब:** चंद्रलोक की थुलथुल परी, **लेखक:** डॉ. नागेश पांडेय 'संजय', **मूल्य:** 225 रुपए, **प्रकाशक:** न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन, नई दिल्ली

### हंसगुल्ले



**चिंटू-मिंटू** फुटबॉल मैच देख रहे थे।
**चिंटू:** अरे, इतने सारे लोग फुटबॉल को लात क्यों मार रहे हैं?
**मिंटू:** गोल करने के लिए।
**मिंटू:** लेकिन फुटबॉल तो पहले से ही गोल है। इसे और कितना गोल करेंगे?
**-आशीष, रायपुर**

**हिंदी टीचर:** 'मुंह में पानी आना' इस मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करो।
**रोहन:** जैसे ही मैंने नल की टोटी में मुंह लगाकर नल चालू किया, मेरे मुंह में पानी आ गया।
**-करण, बिलासपुर**

एक यात्री रेलगाड़ी से उतरा। उसने स्टेशन पर खड़े भोलू से पूछा, 'बेटा ये कौन-सा स्टेशन है?'
**भोलू:** अंकल, ये रेलवे स्टेशन है।
**-कुसुम, भोपाल**

### जीके क्विज-197

1. भारत का दूसरा पूर्ण साक्षर केंद्र शासित प्रदेश कौन बना है?
2. फीफा वर्ल्ड कप 2026 का आयोजन किन देशों में किया जाएगा?
3. अगले महीने किस पूर्वोत्तर राज्य में विधानसभा चुनाव होंगे?
4. हाल में 16 साल की उम्र में भारत के 94वें शतरंज ग्रैंड मास्टर कौन बने हैं?
5. सविनय अवज्ञा आंदोलन का नेतृत्व किसने किया था?
6. भारत में हरित क्रांति का जनक किसे माना जाता है?
7. विश्व रंगमंच दिवस कब मनाया जाता है?
8. पानी में हाइड्रोजन के अलावा कौन सा तत्व मौजूद होता है?
9. पेनिसिलीन की खोज किसने की थी?
10. लावणी किस राज्य का पारंपरिक लोकनृत्य है?



बच्चो, जीके क्विज-197 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-196 का उत्तर :** 1.तरनजीत सिंह संधू, 2.न्यूजीलैंड, 3.आरव डेंगला, 4. 22 मार्च, 5.सारनाथ, 6.थिंपू, 7.राजा राममोहन राय, 8.राज्य सभा, 9.मिल्खा सिंह, 10.शनि

**जीके क्विज-196 का सही उत्तर देने वाले :** शुभ-बिलासपुर, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, कुलमनी-ईमेल से, कबीर-हिसार, सुनीता-सीतापुर, नीटू-रायगढ़, कुसुम-भोपाल, अंकुश-रायपुर, हर्ष-रोहतक, दिव्या-बलौदा बाजार



**कहानी**
**डॉ. मोहम्मद अरशद खान**

नन्हे अरशान ने पहला रोजा रखा तो उसे लोगों ने मुबारकबाद के साथ तोहफे और पैसे भी दिए। अरशान को ईद के दिन ईदी के भी खूब पैसे मिले। लेकिन अभी उसे और पैसे चाहिए थे। पापा ने उसे डांटा, यह लालच सही नहीं है, इतने पैसे क्यों बटोर रहे हो? अरशान ने जब इसकी वजह बताई तो परिवार के लोग सन्न रह गए!

# अरशान की ईद


एआई इमेज

इस बार का रमजान अरशान के लिए खास था। उसने पहली बार रोजा रखा था। वह छोटा था, इसलिए अम्मी डर रही थीं। बारह-तेरह घंटे बिना कुछ खाए-पिए इबादत में लगे रहना बड़ों के लिए भी आसान नहीं था, और वह तो अभी आठ-नौ साल का बच्चा था। पर उसने ऐसी जिद ठानी कि मम्मी ने इजाजत दे दी। शाम को इफ्तार पार्टी हुई। रिश्तेदार, मुहल्ले के लोग और दोस्त-अहबाब आए। सबने अरशान को मुबारकबाद दी और पहला रोजा रखने की खुशी में तोहफे और पैसे दिए। अरशान की गुल्लक भर गई। उसे पहली बार इतने पैसे मिले थे, लेकिन वह खुश नहीं था। वह बार-बार नोटों को गिनता, उन्हें गुल्लक में तरतीब से जमाता और किसी चिंता में डूब जाता।

ईद का दिन आया तो परिवार के सब लोग नमाज पढ़ने गए। नमाज के बाद वे मेले में घूमे। मेले में खाने-पीने और खिलौनों की दुकानें लगी हुई थीं। अरशान को उसमें कोई रुचि नहीं थी। वह जल्दी से जल्दी घर पहुंचना चाहता था, ताकि सबसे अपनी ईदी वसूल सके। रास्ते में भीड़ थी। गाड़ी धीरे-धीरे चल रही थी। अरशान पूरे रास्ते बेचैन रहा। घर पहुंचते ही उसने दादा-दादी और मम्मी-पापा से ईदी वसूल की और फिर अपनी बड़ी बहन आलिया के पास आया। उससे बोला, 'अप्पी, आप भी ईदी दीजिए न।' 'मैं!' आलिया हैरानी से बोली।

'सब बड़े अपने से छोटों को ईदी देते हैं न!' अरशान तुरंत बोला। पास बैठे दादा जी ने सुना तो वह हंसने लगे। आलिया के हाथ पर सौ का नोट रखते हुए बोले, 'बात तो अरशान सही कह रहा है। लो, तुम भी उसे ईदी दे दो।' 'लालची कहीं का।' बड़बड़ाते हुए आलिया ने बेमन से उसके हाथों में ईदी रख दी। थोड़ी देर बाद अस्थाना अंकल घर आए। वह पड़ोस में रहते हैं। उन्होंने दादा जी के पैर छुए और गले मिलकर ईद की बधाइयां दीं। फिर सिवइयां और पकवान खाने लगे।

तभी अरशान आया और बोला, 'अंकल, नमस्ते! आपने मुझे ईदी नहीं दी?' अरशान के इस व्यवहार से मम्मी-पापा असहज हो गए, लेकिन अस्थाना अंकल हंसते हुए बोले, 'नमस्ते बेटा, खुश रहो.. । मैं भी कितना गड़बड़ आदमी हूं। भर-भरकर सिवईं खाए जा रहा हूं और ईदी देना भूल ही गया।' यह कहकर उन्होंने पर्स से पैसे निकाले तो दो नोट बाहर आ गए। उन्होंने दो सौ का नोट पर्स के अंदर रखते हुए सौ का नोट अरशान की ओर बढ़ाया और बोले, 'लो भई, अपनी ईदी।'

'अंकल वो दो सौ वाला नोट दे दीजिए न।' अरशान इठलाता हुआ बोला।

पापा की भौंहें गुस्से से तन गईं। अस्थाना अंकल जोरदार ठहाका लगाते हुए बोले, 'लो भई, वह नोट भी रखो और यह भी। अब जाओ अपनी अप्पी को भी भेजो। वर्ना उसे ईदी देने दोबारा आना पड़ेगा और तुम्हें फिर से सिवईं खिलानी पड़ेगी।' कहकर वह जोरों से हंसे। अस्थाना अंकल के जाते ही पापा गुस्से से फट पड़े, 'यह क्या तरीका है। मेहमान से ऐसे बात की जाती है? अस्थाना जी की जगह कोई होता तो बुरा मान जाता।'

'आपको नहीं पता, पापा। ये जनाब मुहल्ले में घर-घर ईदी मांगकर आए हैं।' आलिया ने बताया। पापा का गुस्सा सातवें आसमान पर जा पहुंचा। दादा-दादी और अम्मी भी नाराजगी भरी निगाहों से उसकी ओर देखने लगे। पापा ने उसे खूब डांट पिलाई और बोले, 'अजब लालची बच्चा है। अभी रोजा कुशाई में ढेर सारे पैसे मिले हैं। अब ईदी समेटने पर जुटा है। पूरे मुहल्ले में हंसी उड़वा दी।'

पापा ने अरशान से गुल्लक मंगाकर पैसे गिने। गिनते-गिनते उनकी त्योरियां चढ़ गईं, 'पूरे अट्ठारह सौ पचास रुपए हैं। ये भी तुम्हें कम लग रहे हैं?' 'हां, अभी चार सौ रुपए कम हैं।' अरशान बुझी-सी आवाज में बोला। इस जवाब पर सब हैरानी से उसकी ओर देखने लगे। 'दरअसल.!' अरशान डरते-डरते बोला, 'मेरा एक क्लासमेट है शलभ। पिछले बरस उसके पापा नहीं रहे। स्कूल के खर्चों की वजह से मम्मी उसका नाम कटाना चाहती हैं। पर हम सब दोस्तों ने उन्हें मना लिया है। हमने तय किया है, कोई दोस्त किताबें खरीद कर देगा तो कोई कॉपियां और कोई स्कूल बैग। कोई ड्रेस लाकर देगा। मैं उसकी फीस जमा करने की सोच रहा हूं, लेकिन अभी इतने पैसे ही नहीं इकट्ठा हो पाए।' अरशान की बात सुनकर सब लोग सन्न रह गए। अचानक पापा को जाने क्या हुआ कि वे कड़क आवाज में बोले, 'लो, इन पैसों को गुल्लक में वापस रखो। इनसे किसी की फीस-वीस नहीं भरी जाएगी।' पापा की बात पर अरशान डर गया। दादा जी, मम्मी और आलिया का दिल भी धक से रह गया। तभी सबने पापा की ओर देखा तो उनके चेहरे पर मुस्कराहट खिली हुई थी। वह बोले, 'अरे भई! अब आगे से तुम्हारे दोस्त की पढ़ाई का सारा खर्चा मैं उठाऊंगा।' अरशान खुशी से चहक उठा। ईद तो हर बार आती थी, पर इस बार की ईद अरशान के लिए बहुत ज्यादा खुशियों भरी थी। *

**कविता**
**सूर्यकुमार पांडेय**


एआई इमेज

## ईद मुबारक

यह सुंदर त्योहार ईद का,
सब लोगों को ईद मुबारक!
आसमान में निकला चांद,
ईद मन रही उसके बाद।
हम सब बच्चे ईदी पाते,
मीठी-मीठी सेंवई खाते।
इस प्यारे दिन के क्या कहने?
नए-नए कपड़े सब पहने,
कहते सबसे, ईद मुबारक!
ईद मुबारक, ईद मुबारक!!
मस्जिद में सब पढ़ें नमाज,
हंसी-खुशी का दिन है आज।
जो भी मिलता गले लगाते,
रोजे के किस्से बतियाते।
हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई,
सब मिलकर दे रहे बधाई।
कहते हमसे, ईद मुबारक!
ईद मुबारक, ईद मुबारक!!

### अंतर बताओ

बच्चो, यहां ईद सेलिब्रेशन से जुड़े दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिखने वाले इन चित्रों में कुछ अंतर भी हैं। तुम तीन मिनट के अंदर इन चित्रों में पांच अंतर ढूंढ़ कर बताओ।




उत्तर: [illegible]

### सही परछाई पहचानो

बच्चो, यहां नन्ही गौरैया का एक चित्र दिया गया है। साथ ही चार परछाइयां भी दी गई हैं। तुम चित्र और परछाइयों को ध्यान से देखकर बताओ कि गौरैया के चित्र की सही परछाई कौन-सी है?



## खबर संक्षेप



### पहला और दूसरा स्थान हासिल कर बढ़ाया मान

**सोनीपत।** गेटवे कॉलेज के कंप्यूटर साइंस विभाग के छात्रों ने एसआरएम यूनिवर्सिटी में आयोजित ट्रेजर हंट प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। बीटेक सीएसई प्रथम वर्ष के छात्रों त्रिशा, आर्यन, दिव्यांश और खुशी की टीम ने अपनी सूझबूझ, विश्लेषणात्मक क्षमता और टीमवर्क के दम पर यह सफलता प्राप्त की।प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न कॉलेजों के छात्रों ने भाग लिया।

### भारतीय नववर्ष पर किया धार्मिक अनुष्ठान हवन

**खरखौदा।** क्षेत्र के गांव पहलादपुर किढ़ौली में भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के पावन अवसर पर बड़ी चौपाल में हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त धार्मिक आयोजन में गांव के बीस से अधिक युवाओं ने सहयोग किया और आहुति देकर नववर्ष की मंगलकामना की। हवन कार्यक्रम में ब्रह्मा के रूप में आर्य रविन्द्र द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण कराया गया।

### पंचायती जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप

**खरखौदा।** गुरुवार को समाधान शिविर में उपमंडल के गांव गोरड़ में पंचायती जमीन पर अवैध कब्जे का मामला उठाया गया। ग्रामवासियों ने विधायक पवन खरखौदा और एसडीएम डॉ निर्मल नागर को शिकायत पत्र सौंपते हुए तुरंत कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के ही कुछ लोग गैरकानूनी तरीके से पंचायती जमीन पर कब्जा कर रहे हैं और विरोध करने पर अभद्र व्यवहार करते हैं।

### संसदीय कार्यवाही की जानकारी ले बढ़ाया ज्ञान

**सोनीपत।** ऋषिकुल विद्यापीठ सोनीपत के एनसीसी (आर्मी विंग) कैडेट्स ने हरियाणा विधानसभा का शैक्षणिक भ्रमण किया। कैडेट्स ने विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर से भेंट की, जबकि विधायक निखिल ने उनके प्रयास की सराहना की। भ्रमण के दौरान कैडेट्स ने विस के लाइव सत्र को प्रत्यक्ष रूप से देखा और संसदीय कार्यवाही, विधेयकों की प्रक्रिया तथा जन प्रतिनिधियों की भूमिका की जानकारी प्राप्त की।

### छात्रों को दी आधुनिक तकनीकों की जानकारी

**सोनीपत।** हिंदू कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, सोनीपत में टीम आईआईसी एचसीई सोनीपत के बैनर तले इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन विषय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य विशेषज्ञ देवासु ऑटोमेशन के प्रबंध निदेशक संजय कुमार रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण से हुई, जिसके बाद संजय ने प्रोग्रामेबल लॉजिक कंट्रोलर (पीएलसी), ह्यूमन मशीन इंटरफेस (एचएमआई) और इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी।

### जरूरतमंद कन्या की करवाई शादी

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन द्वारा संचालित बेटी बोझ नहीं – जरूरतमंद कन्या विवाह परियोजना के अंतर्गत वीरवार को अग्रवाल पैराडाइज गार्डन में एक जरूरतमंद कन्या का विवाह सादगी, सम्मान और सामाजिक संवेदनशीलता के साथ सम्पन्न कराया गया। संस्था के चेयरमैन वाईके त्यागी एवं प्रधान संजय सिंगला ने जानकारी दी।

### नववर्ष पर 251 कुंडीय हवन का आयोजन

**सोनीपत।** नव वर्ष के उपलक्ष्य में हिंदू कॉलेज ऑफ आर्किटेक्ट, डिजाइन एंड इंजीनियरिंग में 251 कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया । यज्ञ महोत्सव में सोनीपत नगर की 121 सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं ने भाग लेकर कार्यक्रम को विशेष स्वरूप प्रदान किया। ब्रह्मा धर्मवीर मुमुक्षु ने भेदभाव को मिटा एकता-भाईचारे की भावना स्थापित करने का आह्वान किया।

## जीवीएमआईटीएम अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में बोले डॉ. मित्तल

# शोध और नवाचार समाज व राष्ट्र की प्रगति के मूल आधार

प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र पुरस्कार प्रदान किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** कार्यक्रम में पहुंचें अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रधान एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

जीवीएम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (जीवीएमआईटीएम) व जीवीएम कॉलेज ऑफ फार्मेसी, सोनीपत द्वारा इंडियन फार्मास्युटिकल एसोसिएशन (हरियाणा शाखा) के सहयोग से बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आईसीएसईआईएमपीएस-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इंडियन फार्मास्युटिकल एसोसिएशन (हरियाणा शाखा) के उपाध्यक्ष डॉ. विनीत मित्तल उपस्थित रहे, जिन्होंने नवाचार, अंतर्विषयक शोध और उद्योग-अकादमिक सहयोग के महत्व पर जोर दिया। सम्मेलन जीवीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डा. ओ.पी. परूथी और प्राचार्या डॉ मंजू पपरेजा के नेतृत्व और मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डा. विनीत मित्तल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शोध और नवाचार किसी भी समाज और राष्ट्र की प्रगति के मूल आधार होते हैं। शोध के माध्यम से नए ज्ञान की खोज होती है, जबकि नवाचार उस ज्ञान को व्यावहारिक रूप देकर समस्याओं का समाधान करता है। उद्घाटन सत्र में जीवीएम इंस्टीट्यूट की प्राचार्य डॉ. मंजू पपरेजा ने स्वागत भाषण दिया, जबकि डॉ. कोमल दहिया ने सम्मेलन के उद्देश्यों एवं इसकी वैश्विक प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में रवि गांधी, राजेश रेलन, मनोहर कुमार, डॉ. सुभाष गाखर, डॉ. शकुंतला गक्खड़, डॉ. मंजू पप्रेजा एवं डॉ. रितु कटारिया सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सम्मेलन का मुख्य आकर्षण विशेषज्ञों की पैनल चर्चा रही, जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों के निदेशक एवं विशेषज्ञों ने शिक्षा, शोध और उद्योग के क्षेत्र में उभरते रुझानों, चुनौतियों और अवसरों पर अपने विचार साझा किए।

#### तकनीकी सत्र का आयोजन

विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्यों एवं शिक्षाविदों की उपस्थिति ने शैक्षणिक वातावरण को और समृद्ध किया। सम्मेलन के दौरान शोध पत्रों का विमोचन, सम्मान समारोह तथा तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। समापन समारोह में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समापन डॉ. रितु कटारिया द्वारा धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# गोहानाः हिन्दी एवं गणित में 63 प्रतिशत विद्यार्थी निपुण पाए गए

- उत्कृष्ट कार्य करने वाले अध्यापकों को एसडीएम व एसीयूटी ने किया सम्मानित

**गोहाना।** एसीयूटी योगेश दिल्हौर (आईएएस) ने बताया कि जिला प्रशासन सोनीपत द्वारा निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत बच्चों में आधारभूत साक्षरता एवं गणन क्षमता को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर ठोस एवं परिणामोन्मुखी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी दिशा में प्रोजेक्ट अक्षर शैक्षणिक अभियान एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में उभरकर सामने आया है, जिसका उद्देश्य प्राथमिक स्तर पर विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में गुणात्मक सुधार सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को कथूरा खंड के अंतर्गत आने वाले सभी राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा दूसरी के विद्यार्थियों का दूसरे चरण का व्यापक आकलन सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस आकलन में विद्यार्थियों की पढने, लिखने और गणितीय समझ की क्षमता को परखा गया। प्राप्त परिणामों के अनुसार खंड स्तर पर औसतन 63 प्रतिशत विद्यार्थी हिन्दी एवं गणित दोनों विषयों में निपुण पाए गए, जो शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की दिशा में एक उत्साहजनक उपलब्धि है। कार्यक्रम में एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय व एसीयूटी योगेश दिल्हौर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अध्यापकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।



**गोहाना।** शिक्षकों को सम्मानित करते हुए एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय और एसयूटी योगेश दिल्हौर। फोटो : हरिभूमि

### छात्राओं को दी रिमोट सेंसिंग की जानकारी

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कॉलेज के भूगोल विभाग द्वारा स्काईलाइन इंस्टीट्यूट ऑफ जियोइन्फॉर्मेटिक्स के सहयोग से भू-स्थानिक तकनीकों विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम संस्था प्रधान डॉ. ओपी परूथी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिन्होंने सफल आयोजन पर बधाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह, यूजी विभागाध्यक्ष रजनी कत्याल और पीजी विभागाध्यक्ष केसी नैन द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद संसाधन व्यक्तियों जया खुराना और अंजलि ने सैंपलिंग तकनीकों पर विस्तृत प्रस्तुति दी। प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह ने कहा कि भू-स्थानिक तकनीकें आधुनिक विज्ञान की महत्वपूर्ण शाखा है।

## खबर संक्षेप

### 54 आधुनिक फैंसी लाइटों से महम मार्ग हुआ जगमग



**गोहाना।** शहर को स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में नगर परिषद (नप) गोहाना की चेयरपर्सन रजनी विरमानी द्वारा गुरुवार को महम मार्ग पर लगाई गई आधुनिक फैंसी लाइटों का उद्घाटन किया गया। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत नप द्वारा 33 लाख रुपये की लागत से कुल 54 आधुनिक फैंसी लाइटें लगाई गई हैं। नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने कहा कि नप शहर के सौंदर्यीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर नई योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। महम मार्ग पर लगाई गई ये फैंसी लाइटें केवल प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ नहीं करेंगी, बल्कि गोहाना को एक आकर्षक और आधुनिक शहर के रूप में पहचान दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। शहर की प्रमुख सडकों, चौकों और सार्वजनिक स्थलों को इसी प्रकार सुसज्जित कर गोहाना को एक मॉडल सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है।

### आपात स्थिति से निपटने की तैयारी को परखा



**सोनीपत।** गेल गैस लिमिटेड और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से सोनीपत बाईपास जाहरी रोड पर व्यापक ऑफसाइट आपातकालीन मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। अभ्यास का उद्देश्य किसी भी संभावित आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, विभिन्न विभागों के बीच समन्वय और उपलब्ध संसाधनों की प्रभावशीलता का परीक्षण करना रहा। मॉकड्रिल के तहत एक लाइट कमर्शियल वाहन में लगे सीएनजी कैस्केड से गैस रिसाव के बाद आग लगने की काल्पनिक स्थिति बनाई गई। जैसे ही घटना की सूचना मिली, तत्काल आपातकालीन प्रोटोकॉल सक्रिय किए गए और संबंधित विभागों की टीमें मौके पर पहुंचकर हालात को नियंत्रित करने में जुट गई। महाप्रबंधक एवं कार्यालय अध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा मौजूद रहे। इस दौरान कंपनी के कई अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### समाधान शिविर में चौबीस फरियादी पहुंचे



**सोनीपत।** गोहाना रोड स्थित लघु सचिवालय के तृतीय तल के सभागार कक्ष में सप्ताह में दो दिन (सोमवार, वीरवार) को समाधान शिविर आयोजित किया जाता है। इसी श्रृंखला में वीरवार को अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने समाधान शिविर की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो प्राप्त हुई शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए समाधान करना सुनिश्चित करें। किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो शिकायतकर्ता की समस्या के समाधान के लिए मौके पर जाकर स्थिति को समझ कर समाधान करें, जिससे शिकायतकर्ता का जिला प्रशासन के प्रति विश्वास ओर अधिक मजबूत हो सके। सोनीपत के लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर के दौरान गुरूवार को 24 शिकायतें एडीसी लक्षित सरीन के समक्ष आई।

### राष्ट्रीय पेंचक सिलाट चैपियनशिप में प्रताप स्कूल ने जीते 2 पदक



**खरखौदा।** एमडीयू रोहतक में आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी पेंचक सिलाट चैंपियनशिप प्रताप स्कूल के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 1 स्वर्ण व 1 कांस्य पदक सहित 2 पदक जीतते हुए प्रदेश व विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में कुनाल राठी (45-50 किग्रा) ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। वहीं गौतम (90-95 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किया। इसके अलावा अभिषेक (70-75 किग्रा) और अनिकेत (75-80 किग्रा) ने भी प्रतियोगिता में भाग लेकर अनुभव प्राप्त किया। खिलाड़ियों के विद्यालय पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवार्डी ओम प्रकाश दहिया (स्पोर्ट्स डायरेक्टर, प्रताप स्कूल), प्राचार्य दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया तथा कोच जगमेंद्र पांचाल ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

# रिज्यूमे राइटिंग में युविका रही अव्वल और रंगोली कंपीटिशन में अनिका ने मारी बाजी

- करियर-क्रिएटिविटी-कॉम्पिटेंस थीम पर जीवीएम में हुआ कॉमर्स कार्निवल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

जीवीएम गर्ल्स कालेज में आयोजित कॉमर्स कार्निवल की रिज्यूमे राइटिंग स्पर्धा में युविका अव्वल रही तो रंगोली कंपीटिशन में अनिका ने बाजी मारी। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने सफल आयोजन के साथ विजेताओं को बधाई दी। करियर-क्रिएटिविटी-कॉम्पिटेंस थीम पर आयोजित कॉमर्स कार्निवल का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह ने दीप प्रज्वलित करते हुए किया। प्राचार्या ने कहा कि इवेंट का उद्देश्य छात्रों में प्रतिभा, आत्मविश्वास और प्रोफेशन स्किल्स को बढ़ावा देना था। विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में छात्राओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लेते अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान आयोजित रिज्यूमे राइटिंग स्पर्धा में युविका, लोगो व टैगलाइन बनाने में पलक वर्मा, डैक्लामेशन कांटेस्ट में स्नेहा ने प्रथम, रंगोली कंपीटिशन में अनिका, क्विज कंपीटिशन में टीम ब्रिलियेंट प्रथम रहे।

# मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटि रहित बनाना सभी की जिम्मेदारीः डॉ. शर्मा

- कैबिनेट मंत्री ने गोहाना रैली की तैयारियों पर भी पदाधिकारियों के साथ की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा।

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटि रहित बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि केवल बीएलए-1 और बीएलए-2 ही नहीं, बल्कि प्रत्येक सक्रिय कार्यकर्ता इस प्रक्रिया में अपनी भूमिका निभाए। जिस प्रकार चुनाव के दौरान कार्यकर्ताओं ने बूथ सम्भाले थे, उसी प्रकार अपने-अपने इलाके में एसआईआर प्रक्रिया को पूरी मुस्तैदी के साथ निभाएं। डॉ. अरविंद शर्मा ने गुरुवार को सेक्टर-7 स्थित भाजपा जिला गोहाना की संगठनात्मक बैठक को संबोधित करते कहा कि जिस प्रकार कार्यकर्ता चुनाव के दौरान बूथ स्तर पर सजग रहते हैं, उसी प्रकार स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रक्रिया के दौरान भी चौकसी बरतना आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी मतदाता का नाम दो जगह न हो, मृत मतदाताओं के नाम सूची से हटाया जाए, स्थान बदल चुके मतदाताओं का नाम सही स्थान पर दर्ज हो तथा 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र युवाओं के नाम सूची में जोड़े जाएं।

#### दर्जनों सिलेंडर जब्त, दुकानदारों में हड़कंप

# गन्नौर में घरेलू गैस की कालाबाजारी पर शिकंजा



**गन्नौर।** जब्त किए गए घरेलू सिलेंडर के साथ विभाग के अधिकारी।

**गन्नौर।** गैस की कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए खाद्य एवं पूर्ति विभाग ने वीरवार को गन्नौर शहर में ढाबों, होटलों और विभिन्न दुकानों पर सघन छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी की भनक लगते ही शहर के व्यापारिक प्रतिष्ठानों में हड़कंप मच गया। विभागीय टीम ने कार्रवाई के दौरान दर्जनों घरेलू एलपीजी सिलेंडर जब्त किए, जिन्हें नियमों के विपरित कमर्शियल उपयोग में लाया जा रहा था। कई ढाबों और होटलों में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए निर्धारित सिलेंडरों का इस्तेमाल व्यावसायिक कार्यों में किया जा रहा था, जबकि नियमों के तहत ऐसे प्रतिष्ठानों को कमर्शियल सिलेंडर ही प्रयोग करने की अनुमति है। टीम ने मौके पर पहुंचकर सिलेंडरों की जांच की और अवैध रूप से उपयोग किए जा रहे सिलेंडरों को कब्जे में ले लिया। कुछ मामलों में प्रतिष्ठान संचालकों को चेतावनी भी दी गई।

### किसानों ने लिया प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण



**खरखौदा।** उपमंडल के गांव मंडौरा स्थित रूटैग स्मार्ट विलेज में कृषि विज्ञान केन्द्र जगदीशपुर के सहयोग से 3 दिवसीय प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में आसपास के 10 -11 गांवों के 68 किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन जिला कृषि अधिकारी पवन शर्मा ने ज्योति प्रज्वलित करके किया और उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में प्रोत्साहित किया। प्रशिक्षण शिविर में कृषि विज्ञान केन्द्र जगदीशपुर से डॉ. परमिंद्र मलिक ने किसानों को मार्केटिंग और प्राकृतिक खेती के बारे में किसानों को अवगत कराया। दूसरे दिन किसानों को निफ्टेम के अधिकारी ने प्रोसेसिंग तकनीकों के बारे में शिक्षित किया गया। खादी ग्रामोद्योग के राहुल चौहान ने भी उन्हें अपनी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। नाबार्ड से डॉ. खत्री और उपनिदेशक बागवानी विभाग से डॉ. राकेश ने अवगत कराया।

### रिसर्च मेथडोलॉजी की समझ को बताया आवश्यक



**सोनीपत।** रतनगढ़ स्थित साउथ पॉइंट डिग्री कॉलेज में 'अनुसंधान पद्धति की नींव : रचनात्मक विषयों में सिद्धांत और व्यवहार' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कॉलेज परिसर में सुबह 10 बजे शुरू हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने भाग लिया। इस सत्र के मुख्य वक्ता डॉ. रविन सहरावत रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को रचनात्मक विषयों में अनुसंधान की पद्धति, उसके सिद्धांत और व्यावहारिक उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी विषय में गुणवत्तापूर्ण शोध के लिए सही रिसर्च मेथडोलॉजी को समझना बेहद जरूरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने की। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि शोध आधारित सोच भी जरूरी है।

### खुला पड़ा सीवर का ढक्कन बना हादसों का कारण

**गन्नौर।** शहर के गढ़ी झंझारा रोड पर लंबे समय से सीवर का ढक्कन खुला पड़ा है, लेकिन संबंधित विभाग द्वारा इसे ठीक कराने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है और न ही वहां किसी प्रकार की बैरिकेडिंग की गई है और न ही चेतावनी के लिए कोई संकेतक लगाया गया है। ऐसे में दिन के साथ-साथ रात के समय भी यहां से गुजरने वाले लोगों को हादसे का खतरा बना हुआ है। स्थानीय निवासी सुरेंद्र, सतबीर ने बताया कि इस मार्ग से रोजाना बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं, जिनमें स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और दोपहिया वाहन चालक शामिल हैं। रात के समय अंधेरा होने के कारण सीवर दिखाई नहीं देता, जिससे दुर्घटना होने की आशंका और अधिक बढ़ जाती है। कई बार लोग इसमें गिरते-गिरते बचे हैं, लेकिन अभी तक कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ है। कई बार संबंधित विभाग और नगरपालिका अधिकारियों को दी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। लोगों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते जल्द से जल्द समस्या के समाधान की मांग की है। कहा कि यदि समय रहते इस खुले सीवर को बंद नहीं किया गया तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। संबंधित विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया तो उनसे बात नहीं हो सकी।

#### संगोष्ठी | रक्षा एवं सामरिक विषयों पर दो दिवसीय संगोष्ठी समर संवाद में लिया भाग

# विद्यार्थी केवल सामान्य डिग्री के भरोसे पर न रहे, बल्कि विशेषज्ञता हासिल करें:

वर्ष 2047 के विकसित भारत की बागडोर आज की पीढ़ी के हाथ में होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



**खरखौदा।** राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी संगोष्ठी में पहुंचे विषय मर्मज्ञ।

शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पिपली, प्राचार्य डॉ तराना नेगी के मार्गदर्शन में डॉ योगेश बाजवान के अगुवाई में रक्षा अध्ययन विभाग के छात्रों ने राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में रक्षा अध्ययन विभाग एवं गवांड फाउंडेशन भदानी के संयुक्त तत्वाधान में रक्षा एवं सामरिक विषयों पर दो दिवसीय संगोष्ठी समर संवाद में भाग लिया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य छात्रों को देश के आंतरिक और बाहरी सुरक्षा चुनौतियों और राष्ट्रीय विकास पर उनके प्रभावों के बारे में जागरूक करना था। पाटिल ने अपने वक्तव्य में कहा है कि देश के आंतरिक सुरक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। अब युद्ध की परिभाषा बदल गई है और आर्थिक युद्ध तथा साइबर युद्ध भी इस के स्वरूप है। युद्ध का प्रभाव सीधे जनता पर पड़ता है। यह अंतरराष्ट्रीय संबंधों को भी प्रभावित करता है, उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे केवल सामान्य डिग्री के भरोसे पर ना रहे बल्कि विशेषज्ञता हासिल करें तथा इस बात पर विचार करें कि देश के लिए हम क्या कर सकते हैं।

वर्ष 2047 के विकसित भारत की बागडोर आज की पीढ़ी के हाथ में होगी। संगोष्ठी के पहले सत्र में मेजर जनरल सुधीर जाखड और डॉ अर्चना त्यागी ने 2026 में भारत की आंतरिक सुरक्षा की गतिशीलता, माओवादी अंत से उभरते हाइब्रिड खतरों तक विषय पर चर्चा की। दूसरे सत्र में यशोवर्धन झा आजाद ने भारत की सुरक्षा चुनौतियां विषयों पर महत्वपूर्ण तथ्यों से अवगत कराते हुए कहा कि कोई भी राष्ट्र अपना शक्ति प्रदर्शन आंतरिक मजबूती के बिना नहीं कर सकता। आज का युद्ध साइबर हमले, गलत सूचनाओं और ए आई तकनीक से भी लड़ा जाता है। देश की सुरक्षा गठजोड़, बुद्धिमत्ता और आंतरिक एकता पर निर्भर करता है।

## खबर संक्षेप


सोनीपत। शंभु दयाल स्कूल में हवन के दौरान हिस्सा लेते हुए।

### हिंदू नववर्ष पर हवन समारोह का आयोजन

**सोनीपत।** हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा संगठन तथा भारत विकास परिषद की माधव शाखा के तत्वावधान में हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में शंभु दयाल मॉडर्न स्कूल में पवित्र हवन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पूर्ण श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ, जिसमें सभी के सुख, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। हवन के दौरान विद्यालय का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा। विद्यार्थियों, स्टाफ और उनके परिवारों के कल्याण के लिए विशेष प्रार्थनाएं की गईं। आयोजन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति और परंपराओं को सहेजते हुए विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों का विकास करना रहा। इस अवसर पर संस्था के प्रधान प्रदीप सिंह गौतम, सचिव राजकुमार चौहान, वरिष्ठ सदस्य अशोक शर्मा, विद्यालय के प्राचार्य सौरभ शर्मा, भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा, राजीव गुप्ता, डॉ. अशोक शर्मा, आरके गुप्ता, प्रीती, निक्की मलिक और मीनू शिवानी सहित शिक्षक व स्टाफ मौजूद रहे।

## प्रथम नवरात्र पर प्रात: काल में घट स्थापना के साथ पूजा कर शुरू किया व्रत

# चैत्र नवरात्र शैलपुत्री का पूजन कर मंदिरों में गूंजे माता के जयकारे, बाजारों में बढ़ी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- मंदिरों के साथ घरों में भी की जा गई कलश स्थापना, श्रद्धा से सराबोर हुए शहर के प्राचीन मंदिर, नव संवत की हुई शुरुआत

पांडव नगरी में चैत्र नवरात्र उत्सव के प्रथम दिन नव संवत की शुरुआत में मंदिरों से लेकर घरों में घट स्थापना व मां शैलपुत्री के पूजन के साथ माता रानी का स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने शुभ मुहूर्त पर विधिविधान से मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा-अर्चना कर व्रत शुरू किया। नवरात्र के पहले दिन वीरवार को श्रद्धालुओं ने विधिविधान से मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की। मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही, दिनभर माता रानी के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने पूजन कर घर-परिवार व समाज में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। घरों में कलश स्थापित कर माता रानी की आराधना की गई। मंदिरों में सुबह व शाम के समय श्रद्धालुओं की भीड़ रही। वहीं बाजारों में पूजन सामग्री को लेकर रौनक लगी रही। पंडित अमित शौनक ने बताया कि पहले दिन भक्तों ने श्रद्धाभाव से मां शैलपुत्री का पूजन किया। श्रद्धालु अपने मन को मां भगवती के चरणों में एकाग्रचित कर कृपा प्राप्त कर सकते हैं। शहर के हलवाई हट्टा बाजार स्थित सिद्धपीठ श्रीदेवी चिटाने वाली माता मंदिर, कामी रोड स्थित सिद्धपीठ श्री चंडी मां महाकाली प्राचीन मंदिर, सिद्धपीठ बाबा धाम मंदिर, मॉडल टाउन स्थित नवदुर्गा माता मंदिर, सेक्टर-14 स्थित चिंतपूर्णी मंदिर, कैलाश कॉलोनी स्थित शिव धाम मंदिर सहित अन्य मंदिरों में प्रातःकाल से ही माता रानी के दर्शन के लिए कपाट खुले रहे। मंदिरों से सुरक्षा व्यवस्था के विशेष प्रबंध रहे। सिद्धपीठ चिटाने वाली माता मंदिर व सिद्धपीठ श्री चंडी मां महाकाली प्राचीन मंदिर के प्रति लोगों की भारी आस्था जुड़ी है। इसी कारण नवरात्र में दूरदराज से भी श्रद्धालु माता रानी के दर्शन व पूजा-अर्चना के लिए यहां पहुंचते हैं। छठ के दिन 24 मार्च को मंदिर परिसर में माता रानी की कढ़ाई कर सप्तमी के दिन 25 मार्च को कामी रोड रामलीला मैदान में मेला लगाया जाएगा।


सोनीपत। सिद्धपीठ प्राचीन श्री देवी चिटाने वाली माता मंदिर में पूजन करती महिलाएं।



सोनीपत। शिव शक्ति धाम में पाठ करती महामंडलेश्वर अंजनी देवा महाराज व पंडित रामकृष्ण पाठक, श्री चंडी मां महाकाली प्राचीन मंदिर में पूजा-अर्चना करती महिलाएं।

### नववर्ष पर गुरु-शिष्यों ने मां शैलपुत्री का किया वंदन


**गोहाना।** गीता विद्या मंदिर, गोहाना में हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को नए संकल्प, सकारात्मक सोच एवं अनुशासित जीवन अपनाने का संदेश दिया। समारोह में गुरु और शिष्यों ने मां शैलपुत्री का पूजा-अर्चना करते हुए उनका वंदन किया। आचार्या राजबाला ने विद्यार्थियों को मां शैलपुत्री के स्वरूप, महिमा एवं उनके पूजन के महत्व का वर्णन किया करते हुए हिंदू नववर्ष का महत्व समझाया।

### ब्रह्मचारिणी की उपासना से होगी सर्वत्र सिद्धि की प्राप्ति

ज्योतिषाचार्य डॉ. मनमोहन मिश्रा ने बताया कि नवरात्र उत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को भगवती मां ब्रह्मचारिणी की पूजा का प्रावधान रहेगा। मां के दूसरे स्वरूप ब्रह्मचारिणी ने भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या की थी। इस कठिन तपस्या के कारण इस देवी को ब्रह्मचारिणी नाम से जाना जाता है। ब्रह्मचारिणी देवी का स्वरूप पूर्ण ज्योतिर्मय एवं अत्यंत भव्य है। इनके दाहिने हाथ में जप की माला एवं बायें हाथ में कमंडल रहता है। मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने के लिए सर्वप्रथम अपने जिन देवी-देवताओं एवं गणों व योगिनियों को कलश में आमंत्रित किया है, उनकी फूल, अक्षत, रोली, चंदन से पूजा करें।

### पूजन सामग्री की खरीद से बढ़ी बाजारों की रौनक

दुकानदार गगन, प्रमोद, नितिन ने बताया कि नवरात्र उत्सव को लेकर बाजार गुलजार है। दुकानों पर माता रानी की चुनरी व अन्य पूजन का सामान पूरी मात्रा में उपलब्ध है। श्रद्धालुओं ने पूजन थाली से लेकर नारियल, धूप-दीप, माता रानी की 16 श्रृंगार में उपयोग में होने वाली सभी वस्तुओं की जमकर खरीदारी की। नवरात्र उत्सव को लेकर बाजार में दुकानों के अलावा पूजन सामग्री के स्टॉल भी लगाए गए हैं। नवरात्र में अच्छा व्यापार होने की उम्मीद है।

### ड्राइफ्रूट व फलों के दाम बढ़े

करियाना दुकान संचालक अमित कुमार, दीपक दुआ ने बताया कि वर्ष 2025 की अपेक्षा इस बार ड्राइफ्रूट के दामों में करीब 15 फीसदी तक इजाफा है। व्रत व प्रसाद में प्रयोग होने वाले गोला अब 400 रुपये किलो पहुंच गया है। किशमिश 280 से 330 रुपये, बादाम 800 से 840 रुपये किलो हो चुके हैं। पिछले साल की तरह कुट्टू आटा 120, शामक 140, साबूदाना 200, सिंघाड़े का आटा 200 रुपये किलो है। सब्जी विक्रेता तरुण, विजय ने बताया कि नवरात्र के चलते फलों के दाम भी बढ़ने लगे हैं। केला 80 रुपये दर्जन, सेब 200, अनार 200 से 240, संतरा 200 से 220, अमरुद 120 से 150 रुपये किलो हो बिक रहे हैं।

## उज्ज्वल भविष्य की प्रेरणा देता है नवसंवत्सर: बड़ौक


गोहाना। अरुण बड़ौक से झंडे की रस्म पूरी करवाते हुए समिति अध्यक्ष सुभाष पाहूजा।

- शिव गंगा सेवा समिति ने सजाया मां दुर्गा का वार्षिक दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

चैत्र नवरात्र और हिंदू नवसंवत्सर (विक्रम संवत 2083) के शुभारंभ पर गुरुवार को शिव गंगा सेवा समिति द्वारा हर वर्ष की भांति शहर में शहीद चौक के समीप मां दुर्गा का दरबार सजाया गया। समिति द्वारा पिछले 30 सालों से नवरात्रों में यहां मां का दरबार सजाया जाता है। समिति के अध्यक्ष सुभाष पाहूजा दरबार में पूजा-अर्चना करवाते हैं। दरबार का शुभारंभ हवन के साथ हुआ। झंडे की रस्म भाजपा वरिष्ठ नेता एवं जिला कष्ट निवारण समिति सदस्य अरुण बड़ौक ने निभाई। बड़ौक ने कहा कि नवसंवत्सर का यह दिवस हमें आत्मचिंतन, नए संकल्पों और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढने की प्रेरणा देता है। यह दिन भारतीय नव वर्ष, नवरात्र और गुड़ी पड़वा के रूप में मनाया जाता है जो नई शुरुआत, समृद्धि और विजय का प्रतीक है।

### भारतीय नववर्ष का पहला दिन हमारे सांस्कृतिक व धार्मिक जीवन में विशेष महत्व रखता : पुनीत राई


राई। हवन-यज्ञ में निगम पार्षद व भाजपा नेता पुनीत राई व अन्य हवन यज्ञ में आहुति डालते हुए।

**राई।** चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के पावन अवसर पर एक सिटी में सामूहिक हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। लोगों ने एकत्र होकर भारतीय नववर्ष का स्वागत किया और देश व समाज की खुशहाली की कामना की। हवन-यज्ञ में निगम पार्षद व भाजपा नेता पुनीत राई के अलावा महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने भाग लिया। मंत्रोच्चारण के बीच सभी ने आहुति देकर अपने परिवार की सुख-समृद्धि, अच्छे स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना की। पुनीत राई ने नव वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि भारतीय नववर्ष का यह दिन हमारे सांस्कृतिक और धार्मिक जीवन में विशेष महत्व रखता है। चैत्र मास के प्रथम दिन से ही नव संवत्सर की शुरुआत होती है, जो नई ऊर्जा, नए संकल्प और सकारात्मक सोच का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस तरह के सामूहिक धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता और संस्कारों का संचार होता है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष के दिवान फार्म हाउस पर निगम ने की कार्रवाई

## फिर गिराई फार्म हाउस की दीवार दिवान ने उठाए मंशा पर सवाल

- पत्रकारवार्ता में कमल दिवान ने कहा कि देवडू रोड पर बनी अवैध कॉलोनी में कार्रवाई की बजाए बार-बार फार्म पर पहुंच रही है टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



कांग्रेस के जिला शहरी अध्यक्ष कमल दिवान के बहालगढ़ रोड स्थित दिवान फार्म फिर से सुर्खियों में हैं। नगर निगम की टीम ने वीरवार को कार्रवाई करत हुए फार्म हाउस की दीवार के एक हिस्से को तोड़ दिया। कार्रवाई की सूचना मिलते ही कमल दिवान समेत कांग्रेस के कई नेता मौके पर पहुंचें और कार्रवाई का विरोध जताया। इस कार्रवाई के उपरांत शमा के समय कांग्रेस भवन में पत्रकारवार्ता भी हुई। जिसमें कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने निगम की कार्रवाई की मंशा पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि उनके फार्म हाउस पर बिना नोटिस और पूर्व सूचना के कार्रवाई की गई, जो पूरी तरह राजनीतिक द्वेष से प्रेरित है। बता दें कि नगर निगम की टीम वीरवार को तोड़फोड़ अमले के साथ बहालगढ़ रोड स्थित दिवान फार्म पर पहुंचे और इसकी दीवार के एक हिस्से को बुल्डोजर से तोड़ना शुरु कर दिया। निगम ने दीवार के हिस्से के निर्माण को अवैध बताते हुए यह कार्रवाई की है। वहीं, मौके पर पहुंचे कमल दिवान ने कहा कि प्रशासन देवड़ू रोड पर बनी अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई करने की बजाय बार-बार उनके फार्म पर ही पहुंच रहा है।

### सोसायटी के रास्ते पर अतिक्रमण : निगम

कार्रवाई के लिए मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया था, जबकि पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ दिलबाग मेहरा को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट के तौर पर नियुक्त किया गया। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, राजस्व रिकॉर्ड में रास्ता नंबर-111 दिवान फार्म हाउस के पास से गुजरता है। आरोप है कि इस रास्ते की जमीन पर फार्म हाउस की दीवार खड़ी कर दी गई थी।

### हवन के बाद विद्यार्थियों को दी भारतीय परंपराओं की दी जानकारी

**गन्नौर।** गांव भांवर स्थित नवज्योति शिक्षा सदन में चैत्र मास के प्रथम दिन नव वर्ष के उपलक्ष्य में भव्य हवन-यज्ञ का आयोजन सुषमा शास्त्री के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ, सुमन कौशिक ने विद्यार्थियों को भारतीय पंचांग के 12 महीनों के नाम क्रमबद्ध तरीके से समझाए और उनके महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कौशिक ने कहा कि इस समय प्रकृति में बसंत ऋतु का आगमन होता है, पेड़ों में नए पत्ते आते हैं और खेतों में गेहूं व सरसों की फसल पककर तैयार होती है। उन्होंने बताया कि इसी माह से नए वित्तीय वर्ष की भी शुरुआत होती है। साथ ही उन्होंने भारतीय परंपराओं का महत्व बताते हुए कहा कि वर्षारंभ पर मां सरस्वती के नौ रूपों की पूजा की जाती है, जो ज्ञान और विद्या का प्रतीक हैं।


गन्नौर। प्रथम दिन नव वर्ष के उपलक्ष्य में हवन-यज्ञ में आहुति डालते हुए शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### गायत्री विद्यापीठ बसंत विहार में चैत्र नवरात्र पर किया हवन


गन्नौर। मंजू भूटानी एवं भारत भूषण भूटानी हवन में आहुति डालते हुए।

**गन्नौर।** गायत्री विद्यापीठ बसंत विहार में चैत्र नवरात्र एवं हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुरोहित की भूमिका मंजू भूटानी एवं भारत भूषण भूटानी ने निभाई। हवन में यजमान के रूप में संपूर्ण विद्यालय परिवार और अभिभावक उपस्थित रहे। मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत हवन संपन्न हुआ, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। मंजू भूटानी ने बताया कि हवन भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है और इसके आयोजन से वातावरण में शुद्धता का संचार होता है। विद्यालय की मुख्य अध्यापिका शकुंतला कौशिक ने हवन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका आध्यात्मिक ही नहीं, बल्कि वैज्ञानिक महत्व भी है। उन्होंने कहा कि हवन करने से वातावरण में मौजूद हानिकारक जीवाणु नष्ट होते हैं, जिससे स्वास्थ्य, बल और बुद्धि का विकास होता है। कार्यक्रम में विद्यालय की अध्यापिकाएं मोनिका, सीमा, कुसुम लता, सुमन, रुचिका, कीर्ति, मोनिका शर्मा, रेखा, मनीषा, तमन्ना, रितु एवं पायल सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।


गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान जनता दरबार लगाकर क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि

### विधायक देवेंद्र ने जनता दरबार में सुनीं समस्याएं

**गन्नौर।** गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान ने गुरुवार को अपने निजी कार्यालय में जनता दरबार लगाकर क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। बड़ी संख्या में लोग निजी और सार्वजनिक मुद्दों को लेकर पहुंचे। विधायक ने संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात कर समस्याओं के त्वरित निपटारे के निर्देश भी दिए। लोगों ने पानी, बिजली, सड़क, सफाई और अन्य स्थानीय समस्याओं को विधायक के सामने रखा। कई शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करते हुए कादियान ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि लोगों की परेशानियों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए। कुछ मामलों में मौके पर ही समाधान कर लोगों को राहत दी गई। विधायक ने बताया कि बजट सत्र और राज्यसभा चुनाव के चलते पिछले सोमवार को जनता दरबार आयोजित नहीं हो सका।

## वीडियो वायरल करने की धमकी देकर वसूली करने वाला यूट्यूबर गिरफ्तार

- पांच लाख की मांग कर 50 हजार रुपये ऐंठने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का दुरुपयोग कर लोगों को ब्लैकमेल करने के एक मामले में सेक्टर-27 थाना पुलिस ने एक यूट्यूबर को गिरफ्तार किया है। आरोपित पर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रुपये वसूलने का गंभीर आरोप है। पुलिस ने उसे अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है, ताकि मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच की जा सके।

सेक्टर-27 थाना प्रभारी सवित ने बताया कि यह मामला 17 मार्च को सामने आया, जब साहिल नामक युवक ने पुलिस को शिकायत दी। शिकायत में बताया गया कि 12 मार्च को उसका एक ट्रक चालक सुमित के साथ विवाद हो गया था। विवाद के दौरान दोनों के बीच गाली-गलौज और हाथापाई हुई थी। साथ ही ट्रक चालक ने उसे धमकी भी दी थी।

घटना के बाद साहिल ने डायल-112 पर कॉल कर पुलिस से मदद मांगी थी और थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की थी। पीड़ित के अनुसार, इसी दौरान स्वर्ण पत्र नाम से यूट्यूब चैनल संचालित करने वाला विशाल वशिष्ठ उसे सेक्टर-27 थाने में मिला।

वह उसे एक तरफ ले गया और विवाद से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया व अपने चैनल पर प्रसारित करने की बात करने लगा।

## ऊर्जा व नई चेतना का प्रेरक है हिंदू नववर्ष : मलिक


गोहाना। हवन में आहुतियां डालते हुए ईश्वर स्कूल के शिक्षक और विद्यार्थी।

**गोहाना।** सोनीपत मार्ग स्थित ईश्वर इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को हवन के साथ हिंदू नववर्ष (नवसंवत्सर) मनाया गया। हवन में स्कूल के शिक्षक और विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डाली। कार्यक्रम का मार्गदर्शन स्कूल के एमडी अनिल मलिक ने कहा कि हिंदू नववर्ष नई ऊर्जा, नई चेतना और सकारात्मकता का प्रतीक है। इस दिन हमें बुराइयों का परित्याग करके सभ्यता, सदाचार और प्रेमपूर्वक जीवन जीने की दिशा में आगे बढने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा हिंदू नववर्ष वैज्ञानिक प्रमाणों पर आधारित एक वैश्विक समारोह है।

## धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम समाज को जोड़ते हैं : बंसल


सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें अरुण बंसल का स्वागत करते।

**सोनीपत।** अरुण बंसल द्वारा श्री राम के उद्घोष के साथ बसों को मंदिर परिसर से गीतांजलि गार्डन के लिए रवाना किया गया। समाजसेवी अरुण बंसल ने गीतांजलि गार्डन में एक भव्य एवं आध्यात्मिक आयोजन में सम्मिलित हुए। जिसमें लगभग 1100 श्रद्धालुओं ने एक साथ मिलकर हनुमान चालीसा का पाठ किया। हिंदू नव वर्ष के पावन अवसर पर आयोजित 251 कुण्डीय नवसंवत यज्ञ महोत्सव में अरुण बंसल ने सहभागिता की। उन्होंने कहा कि वेद मंत्रों की गूंज, हवन की पवित्र अग्नि और विद्वानों के आशीर्वचनों से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। इस प्रकार के आयोजन सनातन संस्कृति को सुदृढ़ करने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक ऊर्जा, सद्भाव और एकजुटता का संचार करते हैं। इस अवसर पर अरुण बंसल ने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और हमारी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाते हैं। स्वर्णकमल, जिला कार्यालय, सोनीपत में आयोजित जिला कार्य योजना बैठक में अरुण बंसल की उपस्थिति रही। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज ने की, जबकि प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान किया। बैठक में विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने भाग लेकर संगठनात्मक मजबूती और आगामी योजनाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया।

## नरवाना युवा सम्मेलन की तैयारियों में जुटे इनेलो नेता, गांव-गांव जाकर किया जनसंपर्क


गन्नौर। हलका गन्नौर के प्रभारी कृष्ण मलिक व प्रदेश सचिव सुरेश त्यागी सम्मेलन का निमंत्रण देते हुए।

**गन्नौर।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के 23 मार्च को नरवाना में होने वाले युवा सम्मेलन को लेकर पार्टी पदाधिकारी ने गांव-गांव जाकर कार्यकर्ताओं और युवाओं से संपर्क कर सम्मेलन में पहुंचने का न्योता दिया। हल्का गन्नौर के प्रभारी एवं प्रदेश सचिव कृष्ण मलिक के नेतृत्व में पार्टी नेताओं ने विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं और ग्रामीणों से सम्मेलन में पहुंचने का आह्वान किया। प्रदेश सचिव सुरेश त्यागी ने कहा कि इनेलो हमेशा युवाओं के हितों के लिए कार्य करती रही है और आगामी सम्मेलन में युवाओं की भागीदारी से संगठन को नई मजबूती मिलेगी। महिला जिला अध्यक्ष मंजीत फोगाट ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी भी इस सम्मेलन में अहम रहेगी। हल्का अध्यक्ष बिजेंदर शेखपुरा और हल्का प्रभारी अमन आहुलाना ने बताया कि सम्मेलन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और गन्नौर क्षेत्र से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता नरवाना पहुंचेंगे। इस अवसर पर युवा नेता सुनील ढाका, सतीश खासा, धर्मपाल राठी सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## भाजपा की बैठक में कांग्रेस पर बड़ौली का तीखा कटाक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक कार्यक्रम में गुरुवार को सोनीपत स्थित भाजपा कार्यालय स्वर्ण कमल में वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। कार्यक्रम में संगठन की मजबूती, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा बूथ स्तर तक पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कांग्रेस पार्टी पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के बाद कांग्रेस घबराई हुई है और कांग्रेस के नेता कन्फ्यूज हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में आपसी विश्वास की कमी भी स्पष्ट हो गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी इसलिए बनी है क्योंकि इसके कार्यकर्ता सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित की भावना से कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास और सुशासन के नए आयाम स्थापित कर रहा है और भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता इस विकास यात्रा का सशक्त वाहक है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के समर्पण से ही संगठन और राष्ट्र दोनों मजबूत हो रहे हैं। बड़ौली ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत करते हुए नायब सैनी सरकार की नीतियों और उपलब्धियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करें।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9253681005, 9253681010

### भगत फूल सिंह महिला विवि में लोक कला उत्सव का दूसरा दिन

## समारोह में सांस्कृतिक विविधता ने जमाया रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए कलाकार। फोटो : हरिभूमि

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में चल रहे तीन दिवसीय लोक कला उत्सव में गुरुवार को दूसरे दिन भी सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम रही। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के सहयोग से धर्म पुत्र कला मंच एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस उत्सव का उद्देश्य छात्राओं को भारतीय सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना और विभिन्न राज्यों की लोक परंपराओं से परिचित कराना है। मुख्य अतिथि संस्कार भारती हरियाणा प्रांत मार्गदर्शक प्रो. शुचिस्मिता थीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन छात्राओं के समग्र विकास के लिए बहुत जरूरी है। छात्राओं को किसी न किसी सांस्कृतिक विधा में भाग अवश्य लेना चाहिए। सांस्कृतिक विधा न केवल आपके कौशल को निखारती है अपितु एक अनुशासनात्मक व जिम्मेदार नागरिक भी बनाता है। धर्म पुत्र कला मंच के अध्यक्ष मनोज जाले ने बताया कि इस उत्सव से छात्राएं बहुत कुछ सिख सकती हैं।

### इंजीन्यूटी एक्सपो-2026: यूनिवर्सिटी पॉडकास्ट का शुभारंभ


गोहाना। यूनिवर्सिटी पॉडकास्ट का शुभारंभ करते कुलपति प्रो. सुदेश व अंशुल रुहिल।

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) के स्वावलंबन केंद्र में इंजीन्यूटी एक्सपो-2026 का आयोजन किया गया। विवि के स्वावलंबन केंद्र द्वारा एक नई पहल के तहत यूनिवर्सिटी पॉडकास्ट का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम रुहिल फ्यूचर टेक्नोलॉजीज के सहयोग से शुरू किया गया है। पॉडकास्ट का शुभारम्भ महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने किया। प्रो. सुदेश ने इसे एक सामुदायिक मंच बताते हुए कहा कि यह केवल सुनने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जुड़ने, सीखने और साथ मिलकर आगे बढने का माध्यम बनेगा।